NEWS BOX

## शिविर में 113 ने किया रक्तदान



**खाजूवाला (सीमा सन्देश)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रविवार को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 113 यूनिट रक्तदान किया गया। इस मौके पर खाजूवाला विधायक डॉ.विश्वनाथ मेघवाल भी सीएचसी पहुंचे। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.अमरचन्द बुनकर ने बताया कि राजस्थान सरकार की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रविवार को प्रात: 9 बजे से शांय 4 बजे तक मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लोगों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। शिविर में 113 यूनिट रक्तदान किया गया। जो कि जिले के सभी शिविर में सबसे ज्यादा रहा। इस मौके पर खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल भी पहुंचे। विधायक डॉ. मेघवाल ने कहा कि भाजपा सरकार के सफलतम एक वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा आयुष्कमान आरोग्य शिविर का आयोजन पूरे राजस्थान में आयोजित करवाया गया। इसको लेकर लोगों में उत्साह की लहर है। खाजूवाला को मुख्यमंत्री द्वारा सीएचसी से उप जिला अस्पताल का दर्जा दिया गया है वहीं भूमि आवंटन करवाकर सौगात दी है। जल्द ही उप जिला अस्पताल बनकर तैयार हो जाएगा। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि धर्मपाल बिरड़ा, चेयरमैन अशोक कुमार, चेयरमैन भागीरथ ज्याणी, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुकेश मीणा, डॉ भीमसेन गोदारा, डॉ पुनाराम रोझ, संजय खान आदि उपस्थित रहे।

## 105 यूनिट रक्तदान, 215 लोगों की जांच



**बींझबायला (सीमा सन्देश)।** रक्तकोष फाउंडेशन के तत्वावधान में यहां माँ शारदे चिल्ड्रन्स अकेडमी में आयोजित रक्तदान शिविर में राजकीय ब्लड सेंटर श्रीगंगानगर की टीम ने 105 यूनिट रक्त संग्रहण किया। इस अवसर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। इसमें जन सेवा हॉस्पिटल श्रीगंगानगर के डॉ. ललित सचदेवा की टीम ने 165 रोगियों की जांच की और 28 को मोतियाबिन्द के ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया। दंत आरोग्यम क्लीनिक श्रीगंगानगर के डॉ. अमित सिडाना व उनकी टीम ने 50 लोगों के दांतों की जांच कर परामर्श दिया। इस शिविर में हेतराम शर्मा, बृजलाल मोर, रणवीर गोदारा, इन्द्र सिद्धू, सुनील एचरा, नरेन्द्र मंडा, चन्द्रभान शर्मा, गौरीशंकर शर्मा, सोनू हरमन, रवि कालेरा, मदन बिश्नोई, सुखराम, श्यामसुंदर, हेमंत कुमार, नसरूदीन, अंकित शर्मा, ताराचंद बिश्नोई, मयंक शर्मा, विकास घोडेला, सूर्यप्रकाश सैनी आदि ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। संस्था प्रधान तेजभान शर्मा ने सभी आगंतुकों, मेहमानों व रक्तदाताओं का आभार जताया।

## कथा, हवन व भंडारे में पहुंचे श्रद्धालु



**बींझबायला(सीमा सन्देश)।** ब्रह्मलीन संत स्वामी स्वरूपानंद महाराज के आश्रम व राधाकृष्ण गोशाला प्रांगण में संत महंत संतोषानंद महाराज के नेतृत्व में 8 दिसंबर से चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का रविवार को नौ कुंडीय यज्ञ के साथ समापन हुआ। नौ कुंडीय यज्ञ में पं. केदार प्रसाद जोशी (शास्त्री आचार्य) के मन्त्रों उच्चारणों के साथ हवन हुए, जिसमें 18 जोड़ों ने भाग लिया। यज्ञ भंडारे में 101 साधु महात्मा व हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। बींझबायला, हरखेवाला, 58, 56, 34, 36, 38, 39 एलएनपी, हुणतपुरा, फरसेवाला, घमूड़वाली, किशनपुरा, 1, 2, 3 व 5 पीपी, सांवतसर, 11 ईईए आदि दर्जनों गांवों-ढाणियों के हजारों औरते, बच्चे व युवा और बुजुर्गों ने भाग लिया। महिलाओं व पुरुषों ने सेवा में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इन सभी को संत संतोषानंद महाराज व कथा वाचक केदार प्रसाद जोशी ने आशीर्वाद प्रदान किया। संगीतकार अशोक सेन बीकानेर एंड पार्टी ने भजन-कीर्तन किया। छगन शर्मा एंड पार्टी ने भंडारे के साथ सभी देवी-देवताओं के भजन सुनाए। गो माता को लापसी का प्रसाद खिलाया गया।

## नहर में मिला व्यक्ति का शव

**जैतसर(सीमा संदेश)।** गांव 14 एनआरडी की बारांवाली माइनर में रविवार को एक व्यक्ति का शव मिला है। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर पहुचे जैतसर पुलिस के हवलदार महेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार सुबह बारांवाली माइनर में अज्ञात व्यक्ति का शव मिली। शव को माइनर से बाहर निकलवाया। मृतक की जेब में मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी रामकुमार नायक पुत्र घड़सीराम नायक निवासी सुरेवाला पीलीबंगा के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के पुत्र विनोद के परिवाद पर मर्ग दर्ज की है।

# अंत्योदय सेवा शिविर आयोजित

### दिव्यांगों को व्हीलचेयर व ट्राईसाइकल वितरित



**अनूपगढ़(सीमा सन्देश)।** राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को अनूपगढ़ व्यापार मंडल में अंत्योदय सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत दिव्यांगजनों और अन्य पात्र लाभार्थियों को सहायता प्रदान की। जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से लाभार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने दिव्यांगजनों, श्रमिकों, स्ट्रीट वेंडर्स, दस्तकारों, और अन्य जरूरतमंद लोगों के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर अवधेश मीना ने65 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर और 30 को ट्राइसाईकिल वितरित की। सहायता पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी झलक उठी। उन्होंने मुख्यमंत्री और राज्य सरकार का आभार प्रकट करते हुए इसे अपने जीवन में सुधार लाने का एक महत्वपूर्ण कदम बताया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का संचालन मुकेश शर्मा ने किया।

**ये रहे मौजूद:** जिला स्तरीय कार्यक्रम में पूर्व विधायक संतोष बावरी, एसडीएम सुरेश राव, सीईओ राजेंद्र जोईया, डीईओ जितेंद्र बाटला, सीएमएचओ डॉ. गिरधारी लाल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी रोशनलाल, डीओआईटी उपनिदेशक भावना बिश्नोई सहित जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, मीडियाकर्मी व आमजन मौजूद रहे।

### दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी

राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित अंत्योदय सेवा शिविर के तहत चिकित्सा विभाग ने दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया। शिविर में चिकित्सा विभाग की मेडिकल टीम ने भाग लिया और दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए। सीएमएचओ ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनकी जरूरत के अनुसार प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना था, जिससे वे सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ उठा सकें। शिविर में दिव्यांगों ने प्रमाण पत्र बनवाए और इस पहल की सराहना की।

### दिव्यांगों की उत्साहित प्रतिक्रिया

कार्यक्रम में ट्राइसाईकिल और व्हीलचेयर पाकर दिव्यांगजन काफी खुश नजर आए। एक लाभार्थी ने कहा, यह साइकिल मेरे लिए एक नई आजादी की शुरूआत है। अब मैं अपने कार्यों को स्वतंत्र रूप से कर पाऊंगा। सरकार का यह कदम हमारे लिए वरदान है।

## बिरला पब्लिक स्कूल की छात्रा का क्लैट में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**श्रीगंगानगर (सीमा सन्देश)।** बिरला पब्लिक स्कूल की कक्षा 12 की होनहार छात्रा कोमलप्रीत कौर ने क्लैट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा देश की नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। कोमलप्रीत ने न केवल परीक्षा में सफलता हासिल की, बल्कि उच्च रैंक प्राप्त कर अपने परिवार व शिक्षकों को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि के पीछे कोमलप्रीत की कड़ी मेहनत, अनुशासन व शिक्षकों का मार्गदर्शन है। उसने बताया कि वह नियमित पढ़ाई के साथ समय प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान देती थी। वह समाज के विकास में योगदान देने का ध्येय रखकर इस क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। प्रधानाचार्य डॉ. नितेशकुमार सिंह ने कोमलप्रीत को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी के लिए प्रेरणादायक साबित होगी। निरंतर मेहनत व समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। पूरा विद्यालय परिवार उनकी इस सफलता पर गर्व करता है।

## नोजगे में फूड फेस्टिवल आयोजित



**श्रीगंगानगर(सीमा सन्देश)।** नोजगे पब्लिक स्कूल में फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 8वीं के करीब 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान 9 काउंटर व लगभग 50 स्टॉल लगाई गई। स्कूल के विद्यार्थी घरों से ही पकवान बनाकर लाए। इस फूड फेस्टिवल का आयोजन स्कूल के फाउंटन पार्क में किया गया। कक्षा 5, 6, 7, 9 व 11वीं के बच्चों ने भी इस फेस्टिवल में भाग लिया। स्कूल डायरेक्टर, प्रिंसिपल व अन्य स्टाफ सदस्यों ने उनके इन प्रयासों की सराहना की। फूड फेस्टिवल के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेल्समैनशिप बढ़ाना, फायनेंस मैनेजमेंट व कुकिंग के प्रति रुचि पैदा करना है। सबसे ज्यादा सेल करने वाले 3 बच्चों का चयन भी किया गया। तीन श्रेष्ठ विद्यार्थियों व सेक्शन का चुनाव भी किया जाएगा। बच्चों द्वारा तैयार स्टॉल्स का अतिथियों व स्टाफ ने निरीक्षण कर उनके प्रयासों की सराहना की। बच्चों ने भेजपुरी, चाउमिन, राजमा-चावल, मॉमोज, चना-मसाला, स्प्रिंग रोल्स व बर्गर सहित अन्य पकवान बनाए गए। विद्यार्थियों ने नृत्य भी प्रस्तुत किया।स्कूल निदेशक डॉ. पी सूदन, डायरेक्टर (जनरल) सुरेन सूदन , प्रिंसिपल व स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों से विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास होता है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित

**रत्तेवाला (सीमा सन्देश)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रत्तेवाला में रविवार को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ , दंत रोग विशेषज्ञ, आयुष चिकित्सक सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुर से एन सी डी प्रोग्राम के अंतर्गत कर्मचारी तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित अधिकारी कर्मचारियों ने सेवाएं दी। गर्भवती महिलाओं और शिशुओं की जांचें के साथ टीकाकरण किया गया। एनिमिक गर्भवती महिलाओं को विशेष उपचार दिया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर शिविर प्रातः 9 से शाम 5 बजे तक बजे तक किया गया। शिविर में रत्तेवाला तथा आसपास के ग्रामीण इलाकों से अनेक लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। संस्था प्रभारी डॉक्टर अर्पिता बिश्नोई , अकाउंट अस्सिटेंट महेश ठाकुर, सीमा गुप्ता तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफ द्वारा शिविर का सुचारू रूप से प्रबंधन किया गया। शिविर में गंगानगर से आरसीएचओ मुकेश मेहता की टीम तथा



पदमपुर से ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश मित्तल द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया। मुकेश मित्तल ने उपस्थित लोगों को नशा न करने हेतु शपथ दिलाई गई। शिविर में विभिन्न बीमारियों से संबंधित 515 रोगियों की निशुल्क जांचें कर दवाइयां वितरित की गई। टेलीमेडिसिन कंस्लटेट द्वारा भी रोगियों को परामर्श दिया गया।

## महापड़ाव में होंगे शामिल



**सूरतगढ़(सीमा सन्देश)।** इंटक संगठन की बैठक प्रांतीय विद्युत मंडल मजदूर फेडरेशन (इंटक) के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्यामसुंदर शर्मा की अध्यक्षता में बड़ोपल रोड स्थित जीएसएस में हुई। बैठक में निर्णय लिया कि सोमवार को जोधपुर में राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर निजीकरण का विरोध व ओल्ड पेंशन स्कीम जारी करने के लिए जोधपुर डिस्कॉम मुख्यालय के सामने होने वाले महापड़ाव में अधिकाधिक संख्या में कार्यकर्ताओं के शामिल होने की रूपरेखा बनाई गई। अध्यक्ष श्यामसुंदर शर्मा ने निजीकरण से होने के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला। बिजलीघर मजदूर कर्मचारी यूनियन इंटक के महामंत्री लालचंद मेहरड़ा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कर्मचारी जोधपुर रवाना हुए। सचिव दिलीप यादव, बीरमाना उपखंड अध्यक्ष शंभू टाक, संजीव कुमार, जावेद खान, बनवारी लाल, सोनपाल, सुरेन्द्र रावण, नरेंद्र सेवटा आदि उपस्थित थे।

## पशु चिकित्सा व टीकाकरण शिविर लगा

**सूरतगढ़ (सीमा सन्देश)।** लालपुरा ओडान गांव में पशुपालकों के लिए निःशुल्क पशु चिकित्सा व टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. सुदेश कुमार ने पशुओं के विभिन्न रोगों की रोकथाम के उपाय बताए और सर्दियों में पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए विशेष सलाह दी। गाय, भैंस, भेड़ और बकरियों का स्वास्थ्य परीक्षण, निदान और उपचार किया गया। कृमिनाशक दवाएं निःशुल्क वितरित की गईं। खुर व मुंह पक्का रोग (एफएमडी) का टीकाकरण भी किया गया। पशुगणना भी की गई, ताकि क्षेत्र में पशुधन प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। पशुधन सहायक दिनेश, विनोद व प्रिंस का सराहनीय सहयोग रहा।

### छह वाहनों से 89 पशु कराए मुक्त

**धौलपुर।** कोतवाली थाना पुलिस ने रविवार को नाकाबंदी के दौरान आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सागर पाड़ा चेक पोस्ट पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। इनपुट पर 6 गाड़ियों से 89 जिंदा पशु मुक्त कराए हैं। 6 पशु तस्कर को गिरफ्तार कर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को इनपुट मिला कि मध्य प्रदेश के मुरैना जिले से पशु तस्कर 6 गाड़ियों में पशुओं को भरकर धौलपुर जिले की सीमा में होकर उत्तर प्रदेश बूचड़खाने ले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर एक चेक पोस्ट पर अवरोधक लगाकर सघन नाकाबंदी कराई गई।

GOLD CINEMA
SRI GANGANAGAR

| MOVIES | SHOW TIME |
|---|---|
| PUSHPA 2 : THE RULE (2D HINDI) | 8.15 AM, 9.30 AM, 10:00 AM, 12.00 PM, 1:30 PM. 2.00 PM 3.45 PM, 5.30 PM, 6.00 PM 8.00 PM, 9.30 PM, 10:00 PM |

FOR ENQUIRY : +91 96536-19191

## यूथ फेस्टिवल का रक्तदान से शुभारंभ



**जैतसर(सीमा सन्देश)।** मां सरस्वती पीजी कॉलेज में रविवार को पांच दिवसीय यूथ फेस्टिवल का शुभारंभ सुखमणि साहिब के पाठ भोग से हुआ। कॉलेज के प्रबंध निदेशक सुमित छाबड़ा एवं निदेशक सुभाषचन्द्र छाबड़ा ने बताया कि यूथ फेस्टिवल शुभारंभ में सूरतगढ़ विधायक डूंगरराम गेदर, पूर्व राज्यमंत्री परमजीत सिंह रंधावा, कांग्रेस नेता अमित कड़वासरा, कांग्रेस के जिला महासचिव बंसीधर छाबड़ा, कांग्रेस अध्यक्ष्ज्ञ प्रवीण गोयल, भाजपा अध्यक्ष अशोक गोयल, सूरतगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश कालवा सहित क्षेत्र के शिक्षाविद्, राजनीतिक प्रतिनिधि, पत्रकार व सामाजिक संस्थाओं के अनेक प्रतिनिधि शामिल हुए। यूथ फेस्टिवल के पहले दिन महाविद्यालय प्रबंधन की ओर से रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इसमें प्राचार्य राकेश राठी, प्रियंका रानी, काजल, कोच अतुल यादव, रेखा छाबड़ा सहित 38लोगों ने रक्तदान किया।

## मुख्यमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गोधन को खिलाया हरा चारा एवं गुड



**सादुलशहर (सीमा सन्देश)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में नगरपालिका चेयरमैन कांता प्रवेश खीचड़ के सान्निध्य में रविवार को भाजपा नेता पूर्व चेयरमैन प्रदीप खीचड़ की अगुवाई में पार्षदों एवं कार्यकताओं द्वारा श्री गोशाला पहुंचकर गोधन को हरा चारा एवं गुड खिलाया गया। व्यापार मंडल द्वारा संचालित श्री गोशाला में स्थापित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में गोधन की रक्षार्थ एवं सुरक्षार्थ प्रार्थना भी की गई। गो सेवा करने वालों में नगरपालिका वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि नरेंद्र अग्रवाल, पार्षद रामावतार यादव, पार्षद प्रतिनिधि एडवोकेट महेंद्र शर्मा, रानी सोनू यादव, रणजीत सहारण, सुरेंद्र सिडाना, घनश्याम वाल्मीकि, एडवोकेट दुष्यंत खीचड, आयुष खीचड़, डॉ. पूर्ण सिंह, पायलट गोयल, प्रेम बंसल, साजन पायलट आदि शामिल थे।

# सारस्वत समाज की अन्तिम मतदाता सूची जारी

**सूरतगढ़(सीमा सन्देश)।** श्री कुंडिया सारस्वत समाज निर्वाचन मंडल की बैठक कमेटी सदस्य अनंतराम कायल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें 29 दिसंबर को अध्यक्ष पद पर होने वाले चुनाव को लेकर चर्चा की गई। निर्वाचन मंडल के करणीदान ठाकरानी ने बताया कि अंतिम दिन तक कोई आपत्ति दर्ज नहीं होने पर नई वोटर लिस्ट को अन्तिम मतदाता सूची मानी गई है। वोटर लिस्ट की रसीद संख्या 126 से 150 तक वापस जमा नहीं होने पर उसे अमान्य घोषित किया गया। अब चुनाव 29 दिसंबर को श्री कुंडीय सारस्वत समाज की निर्माणधीन धर्मशाला में होंगे। चुनाव के संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों और संबंधित कार्यालय को सूचित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में डॉ. महावीर सारस्वा, पवन ओझा, भादरराम ओझाईया, प्रभु ओझा, श्रीभगवान मोट, मुकेश तावनिया, सत्यनारायण सारस्वा, धनराज तावनिया, रामस्वरूप तावनिया, बद्रीप्रसाद बिन्नानी, सत्यनारायण कायल, शिव शंकर ओझाईया, छगन सारस्वा, योगेश ओझा आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि समाज अध्यक्ष लक्ष्मण गुरावा व कोषाध्यक्ष पवन ठाकरानी आदि ने पिछले दिनों विज्ञप्ति जारी कर कहा था कि समाज की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल अभी पूर्ण नहीं हुआ है। इसलिए चुनाव अभी हो नहीं सकते हैं। जबकि समाज का दूसरा गुट चुनाव को लेकर पिछले कई दिनों से सक्रिय हैं।



**वाद पत्रों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
**(आदेश-5 नियम और जाब्ता दीवानी परिशिष्ठ-ख-सं02)**

अज-अपर जिला न्यायाधीश संख्या-2, मुकाम अनूपगढ जिला अनूपगढ (राज.) ब इजलास श्री विपन बिश्नोई (डीजे केडर), गुरदेवसिंह बनाम दीवानसिंह व अन्य, वाद प्रकरण संख्या-47/2021, वाद पत्र बाबत विनिर्दिष्ट अनुपालना, बनाम - 1- राणी पुत्री भगवानसिंह रायसिख 2- पालो पुत्री भगवानसिंह रायसिख 3- वीरपालकौर पुत्री भगवानसिंह रायसिख निवासीगण गांव धनूर तहसील श्रीकरणपुर 4- प्रीतमसिंह पुत्र इन्द्रसिंह रायसिख निवासी 47 एफ तहसील करणपुर। 5- करतारसिंह पुत्र मानसिंह जटसिख निवासी 8 एस जे एम तहसील व जिला अनूपगढ। मुस्मी वादीगण गुरदेवसिंह ने हर आम व खास के खिलाफ वाद पत्र बाबत ईकरारनामा की विनिर्दिष्ट अनुपालना बाबत संस्थित किया है। अतएव एतद्वारा आहुत किया जाता है कि आप स्वंय या ऐसे अधिवक्ता द्वारा जो कि समय के रूपेण अनिवष्ठ हैं और वाद संबंधी सब सारवान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ हैं या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति जो कि ऐसे सब प्रशनों का उत्तर देने में सक्षम है, दिनांक 16.12.2024 को सुबह 10 बजे उपस्थित हो। आपको सूचना दी जाती है कि उपर वर्णित दिवस को आपसी उपस्थिति चैक होने पर बाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जावे और अवधारित किया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 10/12/24 को जारी किया गया।

मुद्रा — न्यायालय की आज्ञा से, वरिष्ठ रीडर, अपर जिला न्यायाधीश सं.2, अनूपगढ़ जिला श्रीगंगानगर (राज.)

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी पंचायत समिति श्रीकरणपुर, जिला श्रीगंगानगर**

क्रमांक :- पंसक/निर्माण/2024-2025/3856 — दिनांक :- 14.12.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 07-08 / 2024-25 (संशोधित नोटिस)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय पंचायत समिति श्रीकरणपुर में विधायक स्थानीय क्षेत्रीय विकास योजना अंतर्गत राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 16 के तहत विभिन्न विभागों में पंजीकृत फर्मों / संवेदकों / निर्माताओं / निविदादाताओं से अनुबन्ध / संकर्म हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in तथा पंचायत समिति कार्यालय में देखी डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | UBN No | NIB No |
|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय विद्यालय 13 एच (ठडा) ब्लॉक श्रीकरणपुर में अध्ययनरत युवाओं के व्यायाम के लिये जिम | ZGN2425WSLB00551 | ZGN2425A0285 |
| 2 | राउमावि नग्गी ब्लॉक श्रीकरणपुर में बच्चों के व्यायाम हेतु जिम | ZGN2425WSLB00552 | ZGN2425A0286 |

प्रधान — विकास अधिकारी
पंचायत समिति श्रीकरनपुर — पंचायत समिति श्रीकरनपुर

**शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय: 501, साल्कॉन ऑरम, जसोला जिला केंद्र, नई दिल्ली - 110025
सीआईएन: U65900DL2020PLC366027

**नीलामी सूचना**

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित ऋणधारकों को सूचित किया जाता है कि बैंक से उनके द्वारा लिए गए गोल्ड ऋण/ों को बैंक द्वारा जारी किए गए व्यक्तिगत नोटिस सहित विभिन्न मांगों और नोटिसों के बावजूद समायोजित नहीं किया गया है। सभी ऋणधारकों को सूचित किया जाता है कि बैंक के पास सुरक्षा के रूप में रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार **30 दिसम्बर 2024** को सायं 03:00 बजे उस शाखा परिसर में नीलामी की तारीख तय की गई है जहां से ऋण लिया गया था। नीलामी के नियमों और शर्तों के अनुसार, ऋणधारकों, खाताधारकों और आमजन सहित समस्त लोग इस नीलामी में भाग ले सकते हैं।

| क्र. सं. | शाखा | खाता सं. | खाता धारक का नाम | पिता/ पति का नाम | पता | खाता खोलने की तिथि | अदायगी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नोएडा-18 | 100742599690 | गुरप्रीत कौर | पुत्री सुखदेव सिंह ददीवाल | 4बी 43, जवाहर नगर, सैक्टर 4, गंगानगर श्रीगंगानगर राजस्थान 335001 | 12-07-2023 | 68,966.75 |
| 2. | इंदिरापुरम | 101942516412 | गुरप्रीत कौर | पुत्री सुखदेव सिंह ददीवाल | 4बी 43, जवाहर नगर, सैक्टर 4, गंगानगर श्रीगंगानगर राजस्थान 335001 | 11-08-2023 | 89,798.08 |
| 3. | पुणे तिलक रोड | 104242510625 | अभिषेक अरोड़ा | पुत्र विरेन्द्र | 119 एलआईसी कॉलोनी, वार्ड संख्या 34 नजदीक चहल चौक गंगानगर राजस्थान 335001 | 03-05-2024 | 218,213.70 |

नीलामी की तिथि है 30 दिसम्बर 2024 @ सायं 3.00

बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

### पत्नी ने कराई प्रेमी जीजा से पति की हत्या

**अंता (बारां)।** जिले के अंता थाना क्षेत्र के मोलकी गांव में हुए ब्लाइंड मर्डर केस का पुलिस ने खुलासा किया है. पुलिस की ओर से बताया गया कि पत्नी ने ही अपने पति की हत्या करवाई थी. हत्या के लिए आरोपी पत्नी ने अपने जीजा को सुपारी दी थी. वहीं, हत्या के तीन दिन बाद पुलिस ने आरोपी पत्नी और उसके जीजा को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया। मोलकी गांव के नजदीक नहर से एक शव बरामद हुआ था, जिसकी शिनाख्त बारां निवासी धर्मराज बैरवा के रूप में हुई थी. मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान देखे गए थे. इसके चलते हत्या के एंगल से मामले की जांच शुरू की गई। इस मामले में जब मृतक की पत्नी गुड्डी से पूछताछ की गई, तो उसने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की. उसके बाद जब नाबालिग बेटी से बातचीत की गई, तो पूरे मामले का खुलासा हुआ, जिसके बाद पुलिस ने मृतक की पत्नी गुड्डी बाई और चचेरे साडू कोटा के सीमलिया निवासी सत्यनारायण को गिरफ्तार कर लिया।